## आकाशवाणी, भोपाल
## सांध्यकालीन समाचार

दिनांक : 15/03/2026 समय :7.10पीएम

**मुख्य समाचार :–**

- **निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तारीखें घोषित कीं, 4 मई को आएंगे नतीजे।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नेपानगर में कहा–जनजातीय कल्याण बजट में 26 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी की गयी।**
- **पश्चिम एशिया के तनाव के कारण सीबीएसई ने 12वीं की परीक्षाएं रद्द कीं।**
- **खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मिलावटखोरों को कड़ी चेतावनी देते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।**

### निर्वाचन आयोग – विधानसभा चुनाव

निर्वाचन आयोग ने आज असम, केरल, पुद्दुचेरी और तमिलनाडु में एक चरण में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा की, जबकि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में चुनाव होंगे। चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए आज दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि असम, केरल और पुद्दुचेरी में मतदान 9 अप्रैल को होगा। तमिलनाडु में मतदान 23 अप्रैल को होगा। पश्चिम बंगाल में मतदान 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगा। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में 142 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। सभी चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतगणना 4 मई को होगी। श्री कुमार ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

### प्रधानमंत्री पत्र – बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में गहरी आस्था रखते हैं और देश की संसदीय लोकतंत्र के नियमों और परंपराओं में उनका अटूट विश्वास रहा है। श्री बिरला ने यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें लिखे पत्र के जवाब में दिया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के पत्र में सार्वजनिक सेवा के उन सर्वोच्च नैतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति है जिन्हें श्री मोदी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में कायम रखा है। अपने पत्र में श्री मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को अस्वीकार किए जाने पर सांसदों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं। विचारों की विविधता ही लोकतंत्र को जीवंत बनाती है। श्री मोदी ने कहा कि इन परिस्थितियों में श्री बिरला द्वारा दिखाए गया संयम, संतुलन और निष्पक्षता सराहनीय है।

### जनजातीय सम्मेलन–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बुरहानपुर जिले के नेपानगर में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में शामिल हुए । जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है। नेपानगर की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए डॉ. यादव ने जनजातीय भाई–बहनों के उत्थान के लिए सरकार का संकल्प दोहराया। उन्होंने घोषणा की कि जनजातीय कल्याण के बजट में 26 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है, जिससे अब यह प्रावधान 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की।

**पीएनजी / एलपीजी**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पाइप वाली प्राकृतिक गैस–पीएनजी और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस–एलपीजी दोनों के कनेक्शन वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। सरकार ने कहा कि यह कदम खाना पकाने की गैस की आपूर्ति में दोहराव को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इस बीच, भारत के राजनयिक प्रयासों के बाद, खाड़ी देशों से एलपीजी ले जा रहे दो एलपीजी वाहक जहाज, शिवालिक और नंदा देवी, कल सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गए। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि...

श्री सिन्हा ने कहा कि जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे शेष 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए राजनयिक प्रयास जारी हैं।

**स्वास्थ्य शिविर–सिंधिया**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर शिवपुरी में आगामी 17 से 24 मार्च तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मेगा कैंप में प्रतिदिन 25 हजार मरीजों की ओपीडी और 500 से 700 निशुल्क ऑपरेशन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री सिंधिया ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए shivpurihealthcamp.in पोर्टल पर जाकर अपना अग्रिम पंजीकरण अवश्य कराएं।

**सीबीएसई – परीक्षा रद्द**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सी.बी.एस.ई ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में कल से अगले महीने की 10 तारीख तक होने वाली कक्षा 12 की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। बोर्ड ने बताया है कि पहले स्थगित की गई परीक्षाएं भी रद्द रहेंगी। बोर्ड ने कहा कि पश्चिम एशियाई क्षेत्र में कक्षा 12 के परिक्षार्थियों के लिए परिणाम घोषित करने का तरीका बाद में बताया जाएगा।

**दिशा समिति बैठक–शिवराज**

केंद्रीय मंत्री और विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान ने आज देवास जिले के खातेगांव में 'दिशा' समिति की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। श्री चौहान ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर खातेगांव विधानसभा के समग्र विकास के रोडमैप पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य हर गांव को विकसित और हर परिवार को समृद्ध बनाना है। उन्होंने जोर दिया कि विकास की अंतिम कतार में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुँचना चाहिए।

**विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आज भोपाल में आयोजित विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस समारोह में कहा है कि एक जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव है। उन्होंने मिलावटखोरों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट कर जनता को 'धीमा जहर' देने वालों के विरुद्ध सरकार कठोरतम कार्रवाई करेगी। मंत्री श्री राजपूत ने उपभोक्ताओं से 'जिद्दी' बनने और ठगी होने पर उपभोक्ता न्यायालयों की शरण लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में जिला उपभोक्ता आयोगों ने रिकॉर्ड 14 हजार से अधिक मामलों का निराकरण किया है।

**हिन्दू नववर्ष**

भोपाल में हिन्दू नववर्ष के अवसर पर आगामी 18 मार्च को अटल पथ पर एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। विधायक रामेश्वर शर्मा ने आज मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें इस कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण दिया। हिन्दू नववर्ष के स्वागत में आज भोपाल में एक यात्रा भी निकाली गयी। 18 मार्च को होने वाले इस काव्य समागम में देशभर के प्रतिष्ठित रचनाकार अपनी प्रस्तुतियों से नववर्ष के उत्सव को और भी विशेष बनाएंगे।

**एशियाई कप क्वालीफायर**

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ए.एफ.सी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर का अपना अंतिम मुकाबला इस महीने के 31 तारीख को कोच्चि में हांगकांग के खिलाफ खेलेगी। भारत इस टूर्नामेंट में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है। हालांकि, टीम क्वालीफाइंग अभियान का समापन जीत के साथ करना चाहेगी।यह मैच महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इसमें फीफा रैंकिंग अंक दांव पर होंगे। हांगकांग भी प्रतियोगिता से बाहर हो चुका है।

**कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- खंडवा में कृषक कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में मिलेट्स मेला एवं कृषक सम्मेलन का आयोजन 16 और 17 मार्च को नई कृषि उपज मंडी परिसर खंडवा में किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले में 16 दिवसीय उत्सव गणगौर पर्व इन दिनों महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा है। महिलाओं द्वारा गणगौर माता की पूजन कर बैण्ड–बाजों के साथ चल समारोह निकाले जा रहे है।
- सीहोर जिले में आगामी नवरात्रि पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सलकनपुर मंदिर परिसर में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग प्रतिबंधित किया है। वहीं व्यापारियों को अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के अंदर रखने और छोटे अग्निशमन उपकरण रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।
- शिवपुरी जिले में घरेलू गैस की सप्लाई पर जिला प्रशासन के द्वारा निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में तहसीलदार ने भटनावर स्थित इंडेन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग की सुविधा का उपयोग करें।
- नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले में पशु चारा, भूसा पशु आहार की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिले के बाहर पशु चारा निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

-----------------------------------